# उत्तर प्रदेश विधान सभा की कार्य-सूची

-------

बुधवार, 29 माघ, शक संवत् 1947

(दिनांक 18 फरवरी, 2026 ई0)

-------

**समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न**

1-प्रश्न [देखिये नत्थी (क)]।

2-जल शक्ति तथा बाढ़ नियन्त्रण मंत्री, सिंचाई एवं जल संसाधन अनुभाग-9 द्वारा यू0 पी0 प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड की वार्षिक रिपोर्ट 2023-2024 को कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा-394 की उपधारा (2) के अधीन विलम्ब के कारण सहित सदन के पटल पर रखेंगे।

3-कारागार मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-4 की अधिसूचना संख्या-103/2022/1275/22-4-2022-80 (2)-2000, दिनांक 17 अगस्त, 2022 द्वारा निर्गत उत्तर प्रदेश कारागार मैनुअल-2022 को कारागार अधिनियम, 1894 की धारा-59 की उपधारा (2) के अधीन विलम्ब के कारण सहित सदन के पटल पर रखेंगे।

4-कारागार मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-4 की अधिसूचना संख्या-59/2025/56/22-4-2025-179402, दिनांक 10 दिसम्बर, 2025 द्वारा निर्गत उत्तर प्रदेश कारागार मैनुअल (प्रथम संशोधन)-2025 को कारागार अधिनियम, 1894 की धारा-59 की उपधारा (2) के अधीन सदन के पटल पर रखेंगे।

5-सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनाएं, यदि कोई हों।

6-विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

7-याचिकाओं का उपस्थापन [देखिये नत्थी (ख)]।

8-नियम-315 के खण्ड (14) व (15) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणाएं, यदि कोई हों।

9-मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हो।

10-वित्त मंत्री, उत्तर प्रदेश राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबन्ध (संशोधन) विधेयक, 2026 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मांगेंगे।

11-वित्त मंत्री, उत्तर प्रदेश राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबन्ध (संशोधन) विधेयक, 2026 को पुरःस्थापित करेंगे।

12-कार्य-स्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

13-वित्तीय वर्ष 2026-2027 के आय-व्ययक पर साधारण चर्चा-जारी।

14-नियम-51 के अन्तर्गत अविलम्बनीय, लोक महत्व के विषय पर ध्यान आकृष्ट करने की सूचनाएं, यदि कोई हों।

15-विधान सभा क्षेत्र सरोजनीनगर, लखनऊ के अन्तर्गत शहरी क्षेत्र में जलभराव की समस्या के समाधान हेतु 08 नालों का निर्माण के सम्बन्ध में डॉ0 राजेश्वर सिंह द्वारा दिनांक 13 फरवरी, 2026 को दी गई सूचना पर, नियम-51 के अन्तर्गत नगर विकास मंत्री का वक्तव्य।

16-जनपद रायबरेली के मोहल्ला देवानन्दपुर निकट एफ0जी0आई0टी0 शहर रायबरेली में भू-माफिया द्वारा हाई-वे से जुड़ा फ्रन्ट का रास्ता जे0सी0बी0 से खुदवा कर अवैध रूप से बन्द किये जाने के प्रकरण में भू-माफिया के विरुद्ध कार्यवाही के सम्बन्ध में श्री मनोज कुमार पाण्डेय द्वारा दिनांक 13 फरवरी, 2026 को दी गई सूचना पर, नियम-51 के अन्तर्गत मुख्य मंत्री का वक्तव्य।

17-प्रदेश के वित्त विहीन शिक्षकों की समस्या के निराकरण कराये जाने के सम्बन्ध में ई0 सचिन यादव द्वारा दिनांक 13 फरवरी, 2026 को दी गई सूचना पर, नियम-51 के अन्तर्गत माध्यमिक शिक्षा मंत्री का वक्तव्य।

18-विधान सभा क्षेत्र कालपी अन्तर्गत विकास खण्ड कदौरा में बरही बम्बा से बसरेही तक सड़क को सी0सी0 रोड बनाये जाने के सम्बन्ध में श्री विनोद चतुर्वेदी द्वारा दिनांक 13 फरवरी, 2026 को दी गई सूचना पर, नियम-51 के अन्तर्गत मुख्य मंत्री का वक्तव्य।

19-जनपद अम्बेडकरनगर की नगर पालिका परिषद् टाण्डा की अध्यक्ष के द्वारा पालिका के कार्यों में की जा रही अनियमितता की जाँच के सम्बन्ध में श्री अभय सिंह द्वारा दिनांक 13 फरवरी, 2026 को दी गई सूचना पर, नियम-51 के अन्तर्गत नगर विकास मंत्री का वक्तव्य।

20-नगर निगम फिरोजाबाद के संविदा कर्मचारियों के हितों की रक्षा कराये जाने के सम्बन्ध में श्री मनीष असीजा द्वारा दिनांक 13 फरवरी, 2026 को दी गई सूचना पर, नियम-51 के अन्तर्गत नगर विकास मंत्री का वक्तव्य।

21-नगर निगम अलीगढ़ में स्वच्छता/कूड़ा निस्तारण के कार्य में की जा रही नियम विरुद्ध कटौती की जाँच कराये जाने के सम्बन्ध में श्री रामखिलाड़ी सिंह यादव द्वारा दिनांक 13 फरवरी, 2026 को दी गई सूचना पर, नियम-51 के अन्तर्गत नगर विकास मंत्री का वक्तव्य।

22-सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लालगंज, प्रतापगढ़ में 50 बेड मैटरनिटी एण्ड चाइल्ड केयर विंग में स्टाफ की नियुक्ति के सम्बन्ध में श्रीमती आराधना मिश्रा 'मोना' द्वारा दिनांक 13 फरवरी, 2026 को दी गई सूचना पर, नियम-51 के अन्तर्गत उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग) का वक्तव्य।

23-कांठ विधान सभा क्षेत्र के नगर पंचायत पाकबड़ा में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में श्री कमाल अख्तर द्वारा दिनांक 13 फरवरी, 2026 को दी गई सूचना पर, नियम-51 के अन्तर्गत नगर विकास मंत्री का वक्तव्य।

24-विधान सभा क्षेत्र मछलीशहर के ग्राम सभा आलमगंज चौराहे से गोपीपुर पुल तक मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में डॉ0 रागिनी द्वारा दिनांक 13 फरवरी, 2026 को दी गई सूचना पर, नियम-51 के अन्तर्गत मुख्य मंत्री का वक्तव्य।

25-सीसामऊ विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत मुख्य ड्रेनेज लाइन (डॉटलाइन नाला) का तत्काल तकनीकी निरीक्षण कराकर आवश्यक मरम्मत, पुनर्निर्माण, सुरक्षा प्रबन्ध एवं नियमित सफाई की प्रभावी व्यवस्था कराये जाने के सम्बन्ध में श्रीमती नसीम सोलंकी द्वारा दिनांक 13 फरवरी, 2026 को दी गई सूचना पर, नियम-51 के अन्तर्गत नगर विकास मंत्री का केवल वक्तव्य।

26-जनपद फर्रुखाबाद के कायमगंज क्षेत्र के अन्तर्गत किसानों द्वारा निजी कृषि भूमि पर लगाये गये सागौन के पेड़ों की कटाई हेतु अनावश्यक प्रशासनिक अनुमति की बाध्यता समाप्त किये जाने के सम्बन्ध में डॉ0 सुरभी द्वारा दिनांक 13 फरवरी, 2026 को दी गई सूचना पर, नियम-51 के अन्तर्गत वन एवं पर्यावरण मंत्री का केवल वक्तव्य।

27-विधान सभा क्षेत्र नकुड़ के विकास खण्ड नकुड़ अन्तर्गत ग्राम साल्हापुर में दलित बस्ती में स्थित तालाब की दीवार का निर्माण तथा तालाब की सफाई कराये जाने के सम्बन्ध में श्री मुकेश चौधरी द्वारा दिनांक 13 फरवरी, 2026 को दी गई सूचना पर, नियम-51 के अन्तर्गत उप मुख्य मंत्री (ग्राम्य विकास विभाग) का केवल वक्तव्य।

28-गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना के कारण भारी वाहन के निरन्तर आवागमन से विधान सभा क्षेत्र बाबागंज (प्रतापगढ़) की लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई गई मुख्य/सम्पर्क मार्ग के क्षतिग्रस्त होने के कारण सड़कों की मरम्मत/नया निर्माण प्राथमिकता के आधार पर कराये जाने के सम्बन्ध में श्री विनोद सरोज द्वारा दिनांक 13 फरवरी, 2026 को दी गई सूचना पर, नियम-51 के अन्तर्गत मुख्य मंत्री का केवल वक्तव्य।

29-जनपद शाहजहाँपुर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का कृषकवार सत्यापन कराये जाने के सम्बन्ध में डॉ0 वीर विक्रम सिंह 'प्रिन्स' द्वारा दिनांक 13 फरवरी, 2026 को दी गई सूचना पर, नियम-51 के अन्तर्गत कृषि मंत्री का केवल वक्तव्य।

30-जनपद फतेहपुर के बिन्दकी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत बिन्दकी नगर से रामादेवी, कानपुर तक पूर्व में संचालित इलेक्ट्रिक बस सेवा को जनहित में पुनः संचालित कराये जाने के सम्बन्ध में श्री जय कुमार सिंह जैकी द्वारा दिनांक 13 फरवरी, 2026 को दी गई सूचना पर, नियम-51 के अन्तर्गत नगर विकास मंत्री का केवल वक्तव्य।

31–जनपद लखनऊ के निशातगंज क्षेत्र स्थित पेपर मिल कॉलोनी के कैफी आजमी प्रेक्षागृह को सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के लिए नगर निगम, लखनऊ को हस्तान्तरित करने के सम्बन्ध में श्री ओ0पी0 श्रीवास्तव द्वारा दिनांक 13 फरवरी, 2026 को दी गई सूचना पर, नियम–51 के अन्तर्गत नगर विकास मंत्री का केवल वक्तव्य।

लखनऊ :
दिनांक 18 फरवरी, 2026 ई0

आज्ञा से,
**प्रदीप कुमार दुबे,**
प्रमुख सचिव।

-------

प्रथम सत्र, 2026 का प्रथम बुधवार

**तारांकित प्रश्न**

| प्रश्न संख्या | सरकार को भेजने की तिथि |
|---|---|
| *1-20 | 01-02-2026 |

**अतारांकित प्रश्न**

| प्रश्न संख्या | सरकार को भेजने की तिथि |
|---|---|
| 1-7 | 03-02-2026 |
| 8-11 | 01-02-2026 |
| 12-198 | 02-02-2026 |
| 199 | 05-02-2026 |

# नत्थी (क)

# उत्तर प्रदेश विधान सभा

बुधवार, 29 माघ, शक संवत् 1947

(दिनांक 18 फरवरी, 2026 ई0)

-----------

(नोट :- प्रश्नकर्ता के नाम के नीचे मुद्रित तिथि प्रश्न की प्राप्ति की तिथि है, प्रश्नों पर कार्यवाही प्राप्ति के क्रम में की गयी है। जिन प्रश्नों में तिथि व्यतिक्रम है, वे स्थानान्तरित प्रश्न हैं।)

## तारांकित प्रश्न

श्री अनिल प्रधान
09-01-2026

*1-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में सड़कों के मरम्मतीकरण की सरकार की कोई योजना संचालित है ? यदि हाँ, तो उक्त का विवरण क्या है ? क्या सरकार प्रदेश के क्षतिग्रस्त मुख्य सम्पर्क मार्गों, अन्य जिला मार्गों का मरम्मतीकरण का कार्य कराएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

लोक निर्माण-1

------

श्री आशु मलिक
09-01-2026

*2-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के नगर निगमों में बाद में जोड़े गए विस्तारित क्षेत्रों/गाँवों में आधारभूत सुविधाओं का अभाव होने के कारण ऐसे नव-विस्तारित क्षेत्रों के समग्र विकास हेतु सरकार की क्या नीति है तथा क्या इनके लिए अलग से समयबद्ध योजना और बजटीय प्रावधान किया गया है ? यदि हाँ, तो उक्त का विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

नगर विकास-7

श्री गौरव कुमार
09-01-2026

*3-क्या ऊर्जा मंत्री बताने कृपा करेंगे कि प्रदेश में ऊर्जा विभाग के संविदा/आउटसोर्स/डेलीबेसिस पर कितने कर्मचारी कार्य कर रहे हैं तथा कितने लाइनमैन व अन्य विद्युत कर्मियों की करंट लगने से हुई मौत में उनके आश्रितों को कितना मुआवजा दिए जाने का क्या प्राविधान है ? क्या सरकार उक्त कर्मियों का स्थाई बीमा करने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

ऊर्जा-2

------

श्री अतुल प्रधान
09-01-2026

*4-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि किसानों की फसलों की सिंचाई हेतु निजी नलकूपों को मुफ्त बिजली देने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

ऊर्जा-1

------

श्री जगदीश नारायण
09-01-2026

*5-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में ऐसे स्थान जहां पर विद्युत की आपूर्ति ठीक से नहीं हो पा रही है, को चिन्हित कर 33 के0वी0 के सब-स्टेशन बनाने की कार्य योजना पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

ऊर्जा-1

------

डॉ0 रागिनी
09-01-2026

*6-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों, विधवा महिलाओं, दिव्यांगजनों तथा गम्भीर/अन्तिम अवस्था की बीमारी से पीड़ित परिवारों के लिए विद्युत बिल में विशेष राहत अथवा संरक्षण हेतु कोई पृथक एवं प्रभावी योजना लागू है ? यदि हाँ, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्या सरकार उक्त हेतु कोई योजना बनाएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

ऊर्जा-3

------

डॉ0 राकेश कुमार वर्मा उर्फ डा0 आर0 के0 वर्मा
09-01-2026

*7-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में ओवरलोडेड ट्रांसफार्मर जल जाने से विद्युत उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति नहीं हो पा रही है ? क्या सरकार यह भी बताएगी कि विद्युत उपभोक्ताओं को त्रुटिपूर्ण बिलिंग होने से उनका शोषण हो रहा है ? क्या सरकार ने उक्त के समाधान हेतु कोई कार्य योजना बनाई है ? यदि हाँ, क्या तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

ऊर्जा-3

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 हृदय नारायण सिंह पटेल 09-01-2026 | *8-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में विधान मण्डल क्षेत्रीय विकास निधि को जी0एस0टी0 मुक्त करने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राज्य कर-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 संग्राम यादव तथा श्री अखिलेश 09-01-2026 | *9-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में बिजली की मांग के अनुरूप कितने मेगावाट बिजली वर्तमान में पैदा हो रही है ? क्या सरकार बताएगी कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कितने-कितने घण्टे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है ? क्या सरकार ने मांग के सापेक्ष विद्युत उत्पादन की योजना बनाई है ? यदि हाँ, तो उसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा (निजी निवेश) प्रकोष्ठ |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री कमाल अख्तर तथा श्री नफीस अहमद 09-01-2026 | *10-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में नगर पालिका परिषदों तथा नगर पंचायतों के सीमा विस्तार हेतु कोई नीति है ? यदि हाँ, तो उसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री शहजिल इस्लाम अंसारी 09-01-2026 | *11-क्या अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में समस्त सरकारी कार्यालयों को उनकी आवश्यकता अनुरूप क्षमता वाले सोलर प्लाण्ट से आच्छादित किए जाने की क्या योजना है ? क्या सरकार वैकल्पिक ऊर्जा के मुख्य स्रोत सूर्य के अतिरिक्त जल, पवन, भू-ताप, जैव ईंधन आदि से भी विद्युत ऊर्जा का उत्पादन आरम्भ करेगी ? क्या सरकार यह भी बताएगी कि प्रदेश में प्रतिवर्ष कुछ न कुछ बस्तियों को सौर ऊर्जा ग्राम घोषित कर उन्हें सौर ऊर्जा से आच्छादित करेगी ? क्या सरकार सौर ऊर्जा चालित ट्रैक्टर, कार या रिक्शा आदि के उत्पादन को प्रोत्साहन देने की योजना बनाएगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत (अधि0) |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री संदीप सिंह 09-01-2026 | *12-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में बिजली के स्मार्ट मीटर के तेज चलने के फलस्वरूप उपभोक्ताओं से मनमानी बिजली बिल वसूली की जानकारी सरकार के संज्ञान में है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार बताएगी कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रदेश में कितने स्मार्ट मीटर | ऊर्जा-3 |

लगाए गए एवं मीटरों के तेज चलने की कितनी शिकायतें प्राप्त हुईं ? क्या सरकार उक्त शिकायतों के निराकरण हेतु कोई ठोस कार्य योजना बनाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

श्री सर्वेश सिंह
09-01-2026

*13-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों के ऊपर से गुजरने वाली हाई टेंशन लाइन से वर्ष 2024-25 तथा दिनांक 09-01-2026 तक कितने कृषकों की मृत्यु हुई है एवं मृतक कृषकों के परिवारीजन को बतौर मुआवजे कितनी धनराशि दी गई ? क्या सरकार मृतक किसान के परिवार में से किसी सदस्य को स्थाई नौकरी दिलाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

ऊर्जा-3

------

श्रीमती पिंकी सिंह
09-01-2026

*14-क्या पर्यावरण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में बिक रहे पटाखों में हानिकारक तत्वों की मौजूदगी पता करने सम्बन्धी सरकारी तन्त्र एवं प्रयोगशालाएं मौजूद हैं ? यदि हाँ, तो क्या सरकार पटाखों के पैकेट पर प्रयुक्त केमिकल की एक्सपायरी डेट, ध्वनि की तीव्रता व अधिकतम बिक्री मूल्य तथा पटाखा प्रतिबन्धित क्षेत्र आदि लिखवाने सम्बन्धित आवश्यक निर्देश जारी करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन-6

------

श्री नाहिद हसन
09-01-2026

*15-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में वर्तमान में विद्युत लाइन से 50 मीटर से अधिक दूरी पर स्थित उपभोक्ताओं को निजी एस्टीमेट पर बिजली कनेक्शन दिया जा रहा है, जो गरीब एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए अत्यन्त महंगा है ? क्या सरकार बताएगी कि एल0टी0 लाइन विस्तार पर व्यवहारिक रूप से रोक लगी होने के कारण बड़ी संख्या में पात्र उपभोक्ता विद्युत सुविधा से वंचित हैं ? यदि हाँ, तो सरकार निजी एस्टीमेट की दरों को युक्तिसंगत करने, एल0टी0 लाइन विस्तार पर लगी रोक हटा कर गरीब नागरिकों को रियायती अथवा सरकारी व्यय पर बिजली कनेक्शन सरकार उपलब्ध कराएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

ऊर्जा-3

| | | |
|---|---|---|
| श्री समरपाल सिंह<br>09-01-2026 | *16-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को निर्धारित शेड्यूल से कम बिजली मिलने एवं जला हुआ ट्रांसफार्मर तुरन्त नहीं बदले जाने की समस्या से सरकार परिचित है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अनियमितता हेतु जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उपभोक्ताओं को क्षतिपूर्ति अथवा बिल में छूट देने की योजना बनाएगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती नसीम सोलंकी<br>09-01-2026 | *17-[बहुत ब्यौरे की जानकारी के आधार पर निरस्त।] | |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री मनोज कुमार पारस<br>09-01-2026 | *18-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में वे क्षेत्र जहां बिजली विभाग द्वारा अधिक दूरी तक केबिल डालकर कनेक्शन दिए गये हैं उक्त स्थानों को चिन्हित कर ए0बी0सी0 केबिल डालने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री त्रिभुवन दत्त<br>09-01-2026 | *19-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के किसानों के ऊर्जाकृत ट्यूबवेल का विद्युत बिल सरकार द्वारा माफ कर दिया गया है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार के संज्ञान में है कि पावर हाउस के बिलिंग विभाग द्वारा किसानों के ट्यूबवेल कनेक्शन पर प्रत्येक माह बकाया बिल विद्युत खाता संख्या में अंकित किया जा रहा है तथा उस पर सरचार्ज भी लगाया जा रहा है ? यदि हाँ, तो उक्त के क्या कारण हैं ? क्या सरकार किसानों के ट्यूबवेल के बिल माफ करने की पारदर्शी प्रक्रिया बनाएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री पंकज मलिक<br>10-01-2026 | *20-क्या गन्ना विकास एवं चीनी मिलें मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में किसानों का वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में कितना गन्ना भुगतान अवशेष है ? क्या सरकार बढ़ती कृषि लागत व महंगाई के दृष्टिगत गन्ना किसानों के हितार्थ गन्ने का राज्य परामर्शित मूल्य बढ़ाएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि गन्ने की जो किस्म रोगग्रस्त होकर खत्म होती जा रही हैं, | चीनी उद्योग-3 |

उन्हें बचाने हेतु सरकार कोई उपाय करेगी ? यदि हाँ, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

# अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री अरमान खान<br>09-01-2026 | 1-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में नगर निगमों व नगरीय निकायों में व्यापारियों के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से नया लाइसेंस शुल्क वसूल करने का निर्णय लिया गया है ? क्या सरकार को जानकारी है कि गृहकर, जलकर, जीएसटी सहित सभी करों को जमा करने वाले व्यापारी वर्तमान में ऑनलाइन व्यापार के बढ़ने के चलते मंदी से जूझ रहे व्यापारियों को नया कर (शुल्क) लगाने से प्रदेश के व्यापारी परेशान हैं ? क्या सरकार प्रदेश के व्यापारियों पर नए कर (लाइसेंस शुल्क) के प्रस्तावित निर्णय को वापस लेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-9 |
| | ------ | |
| श्री पंकज मलिक<br>09-01-2026 | 2-क्या गन्ना विकास एवं चीनी मिलें मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश की निजी चीनी मिलों में मजदूरों के हित की कोई श्रम नीति है ? यदि हां तो क्या ? क्या सरकार चीनी मिल मजदूरों को मिलने वाला वेतनमान बेजबोर्ड के अनुसार निर्धारित है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? क्या सरकार बताएगी कि प्रदेश में निजी पेपर और स्टील आदि मिलों में भी मजदूरों के लिए निर्धारित न्यूनतम वेतनमान मानक के अनुरूप मिल रहा है ? यदि हां, तो क्या ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | श्रम एवं सेवायोजन<br>[03-शुक्रवार के अतारांकित प्र0सं0-01 के अन्तर्गत स्थानान्तरित।] |
| | ------ | |
| श्री मौ0 फहीम इरफान<br>09-01-2026 | 3-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को निर्धारित शेड्यूल से कम बिजली मिलने एवं जला हुआ ट्रांसफार्मर तुरन्त नहीं बदले जाने की समस्या से सरकार परिचित है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार इन अनियमितताओं के दोषियों पर जुर्माना लगाते हुये उक्त समस्या से ग्रस्त उपभोक्ताओं को क्षतिपूर्ति अथवा बिल में छूट देने की योजना बनाएगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-3 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री स्वामी ओउ्मवेश<br>09-01-2026 | 4-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में प्रत्येक व्यक्ति को साफ व स्वच्छ जल उपलब्ध कराने के लिए नगर पालिकाओं में नगर पुनर्गठन पेय जल योजना के अन्तर्गत निर्मित पानी की टंकियों से घर-घर स्वच्छ जल पहुँचाना सरकार सुनिश्चित करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?<br>------ | नगर विकास-5 |
| श्री राजेन्द्र कुमार<br>09-01-2026 | 5-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मऊ की विधान सभा क्षेत्र मोहम्मदाबाद गोहना में टौंस नदी के ऊपर बन्दी घाट पर पुल का निर्माण कार्य सरकार कराएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?<br>------ | लोक निर्माण-6 |
| श्री राजेन्द्र कुमार<br>09-01-2026 | 6-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मऊ की विधान सभा क्षेत्र मोहम्मदाबाद गोहना के अन्तर्गत मोहम्मदाबाद गोहना चिरैयाकोट मार्ग के भुजही मोड़ से धरोहिया मोड़ तक का मार्ग क्षतिग्रस्त है ? क्या सरकार उक्त मार्ग के पुनः निर्माण पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?<br>------ | लोक निर्माण-1 |
| श्री राजेन्द्र कुमार<br>09-01-2026 | 7-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मऊ की विधान सभा क्षेत्र मोहम्मदाबाद गोहना के अन्तर्गत दौलसेपुर-नहर पुलिया से खीरखाण्ड मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है ? क्या सरकार उक्त मार्ग के पुनः निर्माण पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?<br>------ | पंचायती राज [02-मंगलवार के अतारांकित प्र0सं0-05 के अन्तर्गत स्थानान्तरित।] |
| श्री गौरव कुमार<br>09-01-2026 | 8-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में किसानों के कृषि उपकरणों, खाद एवं डीजल के दामों में वृद्धि के कारण कृषि लागत मूल्य अधिक हो रहा है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार किसानों की कृषि लागत मूल्य को कम करने हेतु कृषि उपकरणों पर जी0एस0टी0 समाप्त करने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?<br>------ | राज्य कर-2 |
| श्री सर्वेश सिंह<br>09-01-2026 | 9-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में लगाए गए स्मार्ट विद्युत मीटर से उपभोग के सापेक्ष बढ़े हुए बिल जेनरेट होने की स्थिति सरकार के संज्ञान में है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार स्मार्ट मीटर से बढ़े हुए बिल को देखते | ऊर्जा-3 |

| | | |
|---|---|---|
| | हुए स्मार्ट मीटर के स्थान पर पूर्व के मैनुअल मीटर स्थापित कराए जाने हेतु कोई कार्य योजना बनाएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री मनोज कुमार पारस<br>09-01-2026 | 10-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के गाँव एवं शहरों में मकानों के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइनों को हटाने हेतु सरकार ने कोई योजना बनाई है ? यदि हाँ, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री मनोज कुमार पारस<br>09-01-2026 | 11-क्या वन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में वन्य जीवों से मनुष्यों की सुरक्षा हेतु सरकार ने कोई नई नीति बनाई है ? यदि हाँ, तो इसका प्रारूप क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन-4 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री राजेन्द्र प्रसाद चौधरी<br>09-01-2026 | 12-क्या गन्ना विकास एवं चीनी मिलें मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बस्ती में स्थापित चीनी मिलों पर विगत वर्षों का गन्ना किसानों का कितना गन्ना मूल्य बकाया है ? क्या सरकार गोविन्द नगर चीनी मिल वाल्टरगंज एवं बजाज चीनी मिल अठदमा पर किसानों का वर्षों से पूर्व बकाया गन्ना मूल्य निर्धारित समय-सीमा के अन्तर्गत भुगतान करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चीनी उद्योग-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जगदीश नारायण<br>09-01-2026 | 13-क्या स्टाम्प एवं न्यायालय शुल्क मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में रजिस्ट्री कार्यालयों में लगे हुये कम्प्यूटर, फोटो कापी मशीन आदि पुरानी हो जाने के कारण ठीक से कार्य नहीं कर रही है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त के स्थान पर नई मशीन लगवायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री गौरव कुमार<br>09-01-2026 | 14-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बाराबंकी के विधान सभा क्षेत्र जैदपुर में जनवरी, 2024 से जनवरी, 2025 तक कितने ट्रांसफार्मर जले तथा कितने जलने के उपरांत नए स्थापित किए गए ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-1 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री जय प्रकाश अंचल<br>09-01-2026 | 15-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बलिया के विधान सभा क्षेत्र बैरिया श्रीपालपुर बीएसटी बन्धे के सामने नाला में जलभराव के कारण स्थानीय लोगों को खेती/किसानी तथा गंगा नदी के तट पर स्नान के लिए जाने में किसानों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है ? क्या सरकार उक्त स्थान पर पक्की पुलिया का निर्माण कार्य कराएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-6 |
| | ------ | |
| श्री जय प्रकाश अंचल<br>09-01-2026 | 16-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बलिया के विधान सभा क्षेत्र बैरिया के नगर पंचायत बैरिया में मोबाइल ट्रांसफार्मर न होने के कारण ट्रांसफार्मर जलने पर नगरवासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है ? क्या सरकार नगर पंचायत बैरिया को 400 के0वी0ए0 एवं 250 के0वी0ए0 का मोबाइल ट्रांसफार्मर आवंटित करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-1 |
| | ------ | |
| श्री नाहिद हसन<br>09-01-2026 | 17-क्या वन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के अनेक जनपदों में वन विभाग द्वारा भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा-4 के अन्तर्गत संरक्षित वन घोषित करते समय, राजस्व अभिलेखों में ग्राम समाज के नाम दर्ज भूमि, बंजर भूमि तथा आबादी की भूमि पर भी वन विभाग द्वारा संरक्षित वन का दावा किया गया है तथा ऐसे ग्रामीण परिवार, जिनके पास ऐसे दायें से पूर्व के वैध दस्तावेज रसीदें एवं अन्य राजस्व प्रमाण उपलब्ध हैं, उन्हें भी संरक्षित वन क्षेत्र में शामिल कर दिया गया है ? क्या सरकार बताएगी कि जनपद शामली सहित लगभग 10 जनपदों में वन विभाग द्वारा संरक्षित वन का दावा किया गया है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार ने ऐसे दावों की समीक्षा, सत्यापन एवं निरस्तीकरण हेतु क्या ठोस उपाय करे हैं ? क्या सरकार जनपद शामली में संरक्षित वन की गजट के समय ग्रामीणों को जारी नोटिसों व सार्वजनिक सूचना की प्रतिलिपि सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन-2 |
| | ------ | |
| श्री राहुल राजपूत उर्फ राहुल लोधी<br>09-01-2026 | 18-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में लगे ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि न होने के कारण ओवरलोड होने से पुराने ट्रांसफार्मर बार-बार जल रहे हैं ? यदि हाँ, तो | ऊर्जा-1 |

क्या सरकार उक्त ट्रांसफार्मरों को उच्चीकृत कराए जाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री कमलाकान्त राजभर उर्फ पप्पू<br>09-01-2026 | 19-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ के विधान सभा क्षेत्र दीदारगंज में दिनांक 09-01-2026 तक जर्जर तार, विद्युत पोल एवं आवश्यक उपकरण आदि तथा भारित ट्रांसफार्मरों को दिनांक 09-01-2026 तक सही कर दिया गया है ? यदि हाँ, तो किन-किन योजनाओं के अन्तर्गत ? क्या सरकार उक्त विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?<br>------ | ऊर्जा-3 |
| श्री नाहिद हसन<br>09-01-2026 | 20-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि मुख्य मंत्री नगर सृजन योजना के अन्तर्गत कैराना नगर पालिका परिषद् के विस्तारित क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर, पोल तथा एलटी लाइन जैसी विद्युत संरचनाएँ अपर्याप्त होने के कारण नियमित एवं सुरक्षित विद्युत आपूर्ति बाधित हो रही है ? क्या सरकार उक्त क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था के सुधार एवं सुदृढ़ीकरण हेतु कार्य कराए जाने एवं उक्त के लिए आवश्यक धनराशि उपलब्ध करायेगी ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि उक्त कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने हेतु कोई कार्य योजना निर्धारित की गई है ? यदि हाँ, तो उसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ?<br>------ | ऊर्जा-3 |
| डॉ0 मुकेश चन्द्र वर्मा<br>09-01-2026 | 21-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद के विधान सभा क्षेत्र शिकोहाबाद नगर की सड़कों की वर्षों से मरम्मत और पुनर्निर्माण न होने से जनता को आवागमन में परेशानी हो रही है ? क्या सरकार उक्त मार्गों की मरम्मत व पुनर्निर्माण की कोई ठोस कार्य योजना बनाएगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?<br>------ | नगर विकास-7 |
| डॉ0 मुकेश चन्द्र वर्मा<br>09-01-2026 | 22-क्या वन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद के टीटी जेड क्षेत्र में हरे एवं पुराने पेड़ों के काटे जाने के मामलों में मा0 सर्वोच्च न्यायालय की अनुमति के सम्बन्ध में प्रश्नकर्ता द्वारा मण्डलीय आयुक्त, आगरा को पत्र संख्या-एम0एस0/98/2025/1773, दिनांक 23-06-2025 | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन-2 |

एवं एम0एस0/98/2025/1785, दिनांक 26-06-2025 को प्राप्त हुआ है ? यदि हाँ, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? उपरोक्त पत्रों की प्रतिलिपि जिलाधिकारी, फिरोजाबाद एवं सहायक निदेशक, उत्तर प्रदेश टूरिज्म, आगरा को पंजीकृत डाक द्वारा भेजे जाने तथा प्रथम स्मृति पत्र संख्या-एम0एस0/98/2025/1833, दिनांक 29-07-2025 (त्रुटिवश 29-05-2025 अंकित) प्रेषित किए गए हैं तथा मुख्य मंत्री को भी पत्र संख्या-एम0एस0/98/2025/1865, दिनांक 24-08-2025 प्रेषित किया गया है ? उक्त पत्रों पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

श्री मोहम्मद हसन 'रूमी'
09-01-2026

23-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद कानपुर के जाजमऊ क्षेत्र में चमड़ा कारखानों (टेनरियों) से निकलने वाले गन्दे पानी (एफ्लुएण्ट) के उपचार एवं गंगा नदी में प्रदूषण को रोकने हेतु लगभग करीब 600 करोड़ रुपये की लागत से 20 एम0एल0डी0 (मिलियन लीटर पर डे) का कॉमन एफ्लुएण्ट ट्रीटमेंट प्लाण्ट (सी0ई0टी0पी0) प्रोजेक्ट कानपुर में चमड़ा उद्योग के कचरे (एफ्लुएण्ट) को साफ करने के लिए बनाया गया था ? जिसका निर्माण व संचालन वीए टेक वाबाग लिमिटेड कम्पनी एवं जाजमऊ टेनरी एफ्लुएण्ट ट्रीटमेंट एसोसिएशन (जटेटा) द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है ? क्या सरकार को जानकारी है कि उपरोक्त प्राइवेट कम्पनियों द्वारा क्षेत्र में कार्य करने हेतु सम्बन्धित विभागों से ली गई अनापत्ति (एन0ओ0सी0) वर्ष 2020 में समाप्त हो जाने के उपरान्त भी निरन्तर बड़ी-बड़ी सड़कों एवं नालों को खोद कर छोड़ दिया है, जिससे पूर्व एवं वर्तमान में कई दुर्घटना एवं मौत हो चुकी हैं ? क्या सरकार उपरोक्त कम्पनियों को ब्लैक लिस्ट करते हुए कार्यवाही करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति
[02-मंगलवार के अतारांकित प्र0सं0-06 के अन्तर्गत स्थानान्तरित।]

------

श्री जवाहर लाल राजपूत
09-01-2026

24-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखनऊ के खुर्रमनगर के अन्तर्गत अशोक विहार कॉलोनी पर सड़क, साइड पटरी एवं नाली निर्माण/सुधार कार्य हेतु नगर निगम, लखनऊ द्वारा तैयार रु0 23.38 लाख

नगर विकास-7

| | | |
|---|---|---|
| | का आगणन की धनराशि स्वीकार कर उक्त कालोनी की सड़क, साइड पटरी एवं नाली निर्माण सरकार करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| | ------ | |
| श्री राम अचल राजभर<br>09-01-2026 | 25-[प्रश्न का विषय राज्य सरकार से असम्बद्ध होने के कारण निरस्त।] | |
| | ------ | |
| श्री हाकिम लाल बिन्द<br>09-01-2026 | 26-[प्रश्न का विषय राज्य सरकार से असम्बद्ध होने के कारण निरस्त।] | |
| | ------ | |
| श्री जवाहर लाल राजपूत<br>09-01-2026 | 27-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी में स्थित भू-खण्डों का उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद् भूमि विकास एवं गृह स्थान योजना सं0-4 में अधिग्रहण न कराये जाने विषयक प्रश्नकर्ता का पत्र ख-7 सं0-563279, दिनांक 15 दिसम्बर, 2025 उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हाँ, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आवास एवं शहरी नियोजन-2 |
| | ------ | |
| श्री जय कुमार सिंह जैकी<br>09-01-2026 | 28-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फतेहपुर के बिन्दकी-फतेहपुर मार्ग (लम्बाई लगभग 17.20 किमी0) एवं बिन्दकी-गुनीर मार्ग के अवशेष भाग (लम्बाई लगभग 3.50 किमी0) का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण सरकार करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-11 |
| | ------ | |
| श्री जय कुमार सिंह जैकी<br>09-01-2026 | 29-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद प्रयागराज में प्रयागराज विकास प्राधिकरण अन्तर्गत बक्शी कला दारागंज में अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण विषयक प्रश्नकर्ता का पत्र क-7-नं0-349637, दिनांक 30-07-2025 उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हाँ, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आवास एवं शहरी नियोजन-8 |
| | ------ | |
| श्री जय कुमार सिंह जैकी<br>09-01-2026 | 30-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फतेहपुर की विधान सभा क्षेत्र बिन्दकी अन्तर्गत कतिपय मार्गों के निर्माण विषयक प्रश्नकर्ता का पत्र संख्या-क-7 | लोक निर्माण-9 |

| | | |
|---|---|---|
| | नं0-306620, दिनांक 26-05-2025 उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हाँ, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| | ------ | |
| श्री अब्बास अंसारी<br>09-01-2026 | 31-[प्रश्न का विषय राज्य सरकार से असम्बद्ध होने के कारण निरस्त।] | |
| | ------ | |
| श्री रविदास मेहरोत्रा<br>10-01-2026 | 32-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि लखनऊ को स्मार्ट सिटी घोषित किए जाने के बाद कुल कितने काम स्वीकृत हुए थे, उनमें से कितने पूरे हो गए हैं और कितने कार्य अपूर्ण हैं ? क्या सरकार शेष कार्यों को पूरा करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-9 |
| | ------ | |
| श्री जय प्रकाश अंचल<br>10-01-2026 | 33-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बलिया के विधान सभा क्षेत्र बैरिया के ग्राम पंचायत दलनछपरा पी0एम0जी0एस0वाई0 मार्ग से बी0एस0टी0 बन्धा रामपुर कोडरहा होकर बिहार बार्डर तक जाने वाला मार्ग जर्जर है ? क्या सरकार जनहित में उक्त मार्ग का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण का कार्य कराएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |
| | ------ | |
| श्री जय प्रकाश अंचल<br>10-01-2026 | 34-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बलिया के विधान सभा क्षेत्र बेल्थरा रोड के मालीपुर कैम्प पिच मार्ग से छिटीकिंया चरौवा जाने वाला नहर मार्ग जर्जर होने के कारण दुर्घटना होती रहती है ? क्या सरकार उक्त मार्ग का नवनिर्माण कार्य कराएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति<br>[02-मंगलवार के अतारांकित प्र0सं0-02 के अन्तर्गत स्थानान्तरित।] |
| | ------ | |
| श्री जय प्रकाश अंचल<br>10-01-2026 | 35-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बलिया के विधान सभा क्षेत्र बैरिया में लालगंज बाजार से शिवपुर गंगा घाट तक जाने वाली सड़क जर्जर व गड्ढायुक्त के कारण गंगा स्नान के लिए आवागमन करने वाले श्रद्धालुओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ? क्या सरकार उक्त मार्ग का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण कराएगी ? यदि हों, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री पंकज पटेल<br>10-01-2026 | 36-[बहुत ब्यौरे की जानकारी के आधार पर निरस्त।]<br>------ | |
| श्री गौरव कुमार<br>10-01-2026 | 37-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बाराबंकी के विधान सभा क्षेत्र जैदपुर में जनवरी, 2024 से जनवरी, 2025 तक कितने ट्रांसफार्मर जले तथा जलने के उपरोत कितने नए स्थापित किए गए ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?<br>------ | ऊर्जा-1 |
| श्री नाहिद हसन<br>10-01-2026 | 38-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि बागपत बड़ौत खेकड़ा विकास प्राधिकरण की महायोजना, 2031 के लागू होने के उपरान्त ऐसे भूमि क्षेत्र, जो पहले से ही आवासीय उपयोग/प्रयोग में थे एवं जिनके तहसील रिकॉर्ड व फरद में आबादी दर्ज है, को महायोजना, 2031 में कृषि जोन एवं ग्रीन जोन में वर्गीकृत कर दिया गया है ? क्या कैराना महायोजना, 2031 में कैराना नगर के पास स्थित समस्त बाईपास को कृषि जोन एवं ग्रीन जोन में वर्गीकृत कर दिया गया है जिससे कैराना नगर का विकास बाधित हो रहा है ? क्या सरकार भू-स्वामियों/निवासियों के हितों की रक्षा के लिए महायोजना, 2031 में संशोधन करने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?<br>------ | आवास एवं शहरी नियोजन-3 |
| डॉ0 मुकेश चन्द्र वर्मा<br>10-01-2026 | 39-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि शिकोहाबाद विधान सभा क्षेत्र में गड्ढामुक्त अभियान के तहत गत एक वर्ष में कुल कितनी सड़कों की मरम्मत की गई है ? क्या सरकार को जानकारी है कि विभाग द्वारा मरम्मत के कुछ ही दिनों बाद कई प्रमुख ग्रामीण सड़कें पुनः क्षतिग्रस्त हो गई हैं ? क्या सरकार खराब गुणवत्ता वाली सड़कों की जांच करवाकर दोषियों पर कार्यवाही करेगी और उन सड़कों का पुनः निर्माण कराएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?<br>------ | लोक निर्माण-1 |
| डॉ0 मुकेश चन्द्र वर्मा<br>10-01-2026 | 40-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि शिकोहाबाद नगर पालिका परिषद् के अन्तर्गत विगत दो वर्षों | नगर विकास-5 |

में नाला सफाई और सीवर लाइन के रख रखाव पर कुल कितनी धनराशि व्यय की गई है ? क्या सरकार को जानकारी है कि उक्त रख रखाव के बावजूद स्टेशन रोड, कटरा बाजार और अन्य रिहायशी इलाकों में जलभराव और सीवर चोक होने की समस्या जस की तस बनी हुई है ? क्या सरकार इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए कोई नई ड्रेनेज योजना स्वीकृत कर उसका काम शुरू कराएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री राजेन्द्र प्रसाद चौधरी<br>10-01-2026 | 41-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के अन्तर्जनपदीय टू लेन मार्ग का चौड़ीकरण/उच्चीकरण कराने की कोई कार्य योजना बनाई है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार बताएगी कि जनपद बस्ती में भानपुर से आड़वाघाट होकर गौरचौकी होते हुये जनपद गोण्डा को जाने वाली अन्तर्जनपदीय टू लेंन मार्ग का चौड़ीकरण/उच्चीकरण कराएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-11 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री ब्रजभूषण राजपूत<br>10-01-2026 | 42-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद महोबा के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र चरखारी के नगर चरखारी के ऐतिहासिक तालाबों/सरोवर का सौंदर्यीकरण कार्य सरकार कराएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री ब्रजभूषण राजपूत<br>10-01-2026 | 43-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद महोबा के विधान सभा क्षेत्र चरखारी में नगर चरखारी में स्थित ऐतिहासिक तालाब/सरोवरों में कमल के फूल के पौधे जो की मछली पालन की वजह से नष्ट होते जा रहे हैं, यह नगर की ऐतिहासिक पहचान के रूप में जाने जाते हैं क्या सरकार उन्हें बचाने के दृष्टिगत नगर के तालाबों/ सरोवरों से मछली पालन बन्द करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-6 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री ब्रजभूषण राजपूत<br>10-01-2026 | 44-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद महोबा के विधान सभा क्षेत्र चरखारी के अन्तर्गत रिवई के | लोक निर्माण-1 |

काकुन मार्ग का निर्माण कार्य किया गया था, कार्य पूर्ण होने के 2 माह के अन्दर ही सड़क क्षतिग्रस्त हो गई, बड़े-बड़े गड्ढे हो गए तथा कार्य पूर्णतया मानक विहीन किया गया था ? क्या सरकार उक्त सड़क निर्माण की उच्च्य स्तरीय जांच करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जवाहर लाल राजपूत<br>10-01-2026 | 45-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी के वि0ख0 बामौर में ग्राम ठरौं खमा के पास धसान नदी पर रपटा न होने के कारण लोगों को आवागमन में समस्या होती है ? क्या सरकार धसान नदी पर रपटा का निर्माण करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-6 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जवाहर लाल राजपूत<br>10-01-2026 | 46-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी में स्थित भू-खण्डों का उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद् भूमि विकास एवं गृह स्थान योजना सं0-4 में अधिग्रहण न कराये जाने विषयक प्रश्नकर्ता का पत्र ख-7 सं0 563279, दिनांक 15 दिसम्बर, 2025 उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हाँ, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आवास एवं शहरी नियोजन-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जवाहर लाल राजपूत<br>10-01-2026 | 47-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी में धसान नदी पर कचीर का पुल निर्माण कराये जाने विषयक प्रश्नकर्ता का पत्र सं0 क-7 नं0-506764, दिनांक 17 अक्टूबर, 2025 प्राप्त हुआ है ? यदि हाँ, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-9 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुभाष त्रिपाठी<br>10-01-2026 | 48-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बहराइच के विधान सभा क्षेत्र पयागपुर के अन्तर्गत नवसृजित आदर्श नगर पंचायत पयागपुर में बारी पुरवा सम्पर्क मार्ग जो धार्मिक स्थल बाबा राम प्रकाश जी को जोड़ती है, पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त है ? क्या सरकार उक्त सड़क की विशेष मरम्मत करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-9 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री अंकित भारती<br>10-01-2026 | 49-[बहुत ब्यौरे की जानकारी के आधार पर निरस्त।] | |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री शहजिल इस्लाम अंसारी<br>10-01-2026 | 50-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि सरकार के द्वारा पूर्व घोषणा के अनुसार किसानों के नलकूपों का ऋण माफ करने की योजना के अन्तर्गत अब तक कितने किसानों का नलकूप का ऋण माफ/जीरो कर दिया गया है और कितनों का बिल अभी भी बकाया दर्शाया गया है ? क्या सरकार शेष किसानों के नलकूप के बिलों को जीरो बिल करने का काम करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रभु नारायण सिंह यादव<br>10-01-2026 | 51-क्या पर्यावरण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में पर्यावरण के संरक्षण हेतु सिंगिल यूज प्लास्टिक का प्रयोग वर्जित है ? क्या सरकार बताएगी कि इसके वितरण एवं उपयोग करने वालों के विरुद्ध कोई कार्यवाही की जा रही है ? यदि हाँ, तो क्या ? क्या सरकार उक्त प्लास्टिक के उत्पादन एवं भण्डारण पर पूर्ण पाबन्दी लगायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन-6 |

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 बृजेश कठेरिया<br>10-01-2026 | 52-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में 2011 की जनगणना के अनुसार जिन ग्रामों की बसावटों की आबादी सौ से अधिक और ढाई सौ की आबादी से कम है, उन्हें पक्के सम्पर्क मार्ग से कठेरिया जोड़ने हेतु कोई कार्य योजना सरकार ने बनाई है ? यदि हाँ, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-9 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री अतुल प्रधान<br>11-01-2026 | 53-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के महानगरों में कूड़ा निस्तारण के क्या उपाय किये जा रहे हैं ? क्या सरकार बतायेगी कि मेरठ के लोहिया नगर में इकट्ठा कूड़ा को निस्तारित करने की क्या योजना है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-5 |

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 मुकेश चन्द्र वर्मा<br>11-01-2026 | 54-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि नगर निगम, फिरोजाबाद में विगत वर्षों के दौरान नाला सफाई, सीवर लाइन, ड्रेनेज व्यवस्था एवं सीवर प्लाण्ट के संचालन में अनियमितता की जांच हेतु प्रश्नकर्ता का पत्र संख्या एम0एस0/98/2025/1880, दिनांक 23/09/2025 और एम0एस0/98/2026/1925, दिनांक 08/01/2026 पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? क्या सरकार नगर निगम, फिरोजाबाद में कराए गए समस्त विकास, सफाई एवं सीवर कार्यों की स्वतंत्र/उच्चस्तरीय ऑडिट व जांच कराकर दोषी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ठेकेदारों के विरुद्ध कठोर दण्डात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-7 |
| | ------ | |
| श्री अनिल प्रधान<br>11-01-2026 | 55-[बहुत ब्यौरे की जानकारी के आधार पर निरस्त।] | |
| | ------ | |
| श्री अतुल प्रधान<br>11-01-2026 | 56-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में 20 वर्षों से अधिक समय से संचालित बिना मानचित्र की स्वीकृति के व्यवसायिक प्रतिष्ठानों या बाजारों को सरकार बाजार स्ट्रीट का दर्जा देगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आवास एवं शहरी नियोजन-3 |
| | ------ | |
| श्री रविदास मेहरोत्रा<br>11-01-2026 | 57-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि लखनऊ नगर में लखनऊ मेट्रो का संचालन का विस्तार सम्पूर्ण लखनऊ जिले में करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आवास एवं शहरी नियोजन-7 |
| | ------ | |
| श्री स्वामी ओउ्मवेश<br>11-01-2026 | 58-[प्रश्न का विषय राज्य सरकार से असम्बद्ध होने के कारण निरस्त।] | |
| | ------ | |
| श्री जय प्रकाश अंचल<br>11-01-2026 | 59-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बलिया के विधान सभा क्षेत्र बैरिया के बी0एस0टी0 बन्धा से रामपुर कोडरहा होकर बिहार बार्डर तक जाने वाले सम्पर्क मार्ग पर बनी पुलिया ध्वस्त होने से आवागमन में असुविधा होती है ? क्या सरकार नयी पुलिया का निर्माण कराएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 हृदय नारायण सिंह पटेल<br>11-01-2026 | 60-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ एवं गोरखपुर को जोड़ने वाला घाघरा नदी पर अर्धनिर्मित हाजीपुर गोला सेतु एवं जनपद मऊ देवरिया को जोड़ने वाला बरहज घाघरा नदी पर अर्धनिर्मित मोहन सेतु निर्माण कार्य को सरकार पूर्ण करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-6 |
| श्री सर्वेश सिंह<br>11-01-2026 | 61-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र सिरसागंज में जिन-जिन ट्रांसफार्मरों पर ओवरलोड होने से आए दिन ट्रांसफार्मरों की फुंकने की समस्या बनी रहती है, उन ट्रांसफार्मरों को चिन्हित कर विद्युत क्षमता में वृद्धि सरकार कराएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-1 |
| श्री जय प्रकाश अंचल<br>11-01-2026 | 62-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में विद्युतीकरण से वंचित क्षेत्रों को चिन्हित कर विद्युतीकरण का कार्य सरकार करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-1 |
| श्री धीरेन्द्र सिंह<br>11-01-2026 | 63-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि नोएडा जैसे "नियोजित शहर" के बीचों-बीच दर्जनों ग्राम नियोजित विकास से दूर हैं ? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त क्षेत्र के उत्थान/विकास करने की कोई योजना बनाएगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | औद्योगिक विकास<br>[03-गुरुवार के अतारांकित प्र0सं0-05 के अन्तर्गत स्थानान्तरित।] |
| श्री प्रभु नारायण सिंह यादव<br>11-01-2026 | 64-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में विद्युत के लो-वोल्टेज की बढ़ती समस्या से सरकार परिचित है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार ने उक्त समस्या के निवारण हेतु कोई कार्य-योजना बनाई है ? यदि हाँ, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-3 |
| श्री तेज प्रताप सिंह<br>11-01-2026 | 65-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश की विभिन्न नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में वर्तमान में सफाई कर्मचारियों के कितने पद रिक्त हैं ? क्या सरकार शहरों में बढ़ती आबादी और सफाई की | नगर विकास-1 |

आवश्यकताओं को देखते हुए उक्त रिक्त पदों के सापेक्ष भर्ती करने की कोई कार्य-योजना बना रही है ? क्या सरकार यह भी बताएगी कि वर्तमान में इन निकायों में कार्यरत संविदा एवं आउटसोर्सिंग सफाई कर्मियों को कितना मानदेय दिया जा रहा है एवं उनके मानदेय में सम्मानजनक वृद्धि करने अथवा उन्हें नियमित करने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, ती क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री राजेन्द्र प्रसाद चौधरी<br>11-01-2026 | 66—क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में ग्रामीण सड़कों के निर्माण का निर्धारित गुणवत्ता/मानक क्या है ? क्या सरकार के संज्ञान में है कि मानक के अनुरूप निर्माण कार्य न होने के कारण सड़कें बनते ही टूट जा रही हैं ? क्या सरकार ग्रामीण सड़कों के निर्माण कार्य की गुणवत्ता तथा कार्यदायी एजेंसियों को निर्धारित समयावधि तक सड़क सुरक्षित रखने की समय-सीमा सहित उत्तरदायित्व निर्धारित करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री राजेन्द्र प्रसाद चौधरी<br>11-01-2026 | 67-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में कृषि में उपयोग होने वाले कृषि उपकरणों के क्रय/विक्रय पर कितना प्रतिशत जी0एस0टी0 निर्धारित है ? क्या सरकार किसानों के खेती में उपयोग होने वाले कृषि उपकरणों, खाद एवं कीटनाशक दवाओं पर जी0एस0टी0 समाप्त करने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राज्य कर-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री नाहिद हसन<br>11-01-2026 | 68-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के विधान सभा क्षेत्र कैराना नगर में जैन बाग से आर्यपुरी होते हुए मुख्य हाई-वे तक जाने वाले मार्ग के निर्माण/चौड़ीकरण की कार्य योजना सरकार ने बनाई है ? यदि हाँ, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री नाहिद हसन<br>11-01-2026 | 69-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद सहारनपुर के ग्राम बरथा कायस्थ से तड़फवा मार्ग पर ग्राम दभेड़ा में बुढ़ी यमुना में रपटा न होने से वहां के ग्रामीणों को वर्षा काल में आवागमन में होने वाली समस्या से सरकार | लोक निर्माण-6 |

अवगत है ? क्या सरकार उक्त मार्ग पर रपटा पुल का निर्माण करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री नाहिद हसन<br>11-01-2026 | 70-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के ग्रामों में 11000 के0वी0 की लाइनों से हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सरकार क्या उपाय कर रही है ? क्या सरकार यह भी बताएगी कि जनपद सहारनपुर के ग्राम घाटमपुर व ग्राम गढ़ी दौलत, ओदरी, जनपद शामली में 11000 के0वी0 की लाइन से हो रही दुर्घटना से ग्रामीणों को बचाने के लिए कोई योजना बनायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री ब्रजभूषण राजपूत<br>11-01-2026 | 71-क्या पर्यावरण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद महोबा के अन्तर्गत कबरई में स्टोन क्रशरों के संचालन से आस-पास के क्षेत्र में प्रदूषण को रोकने हेतु सरकार कोई उपाय करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन-6 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री आनन्द कुमार यादव<br>11-01-2026 | 72-क्या गन्ना विकास एवं चीनी मिलें मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में वर्ष 2024-25 व 2025-26 में कुल कितनी चीनी मिल चालू हुई हैं एवं क्या सरकार को जानकारी है कि चीनी मिल चिलवरिया जो 2025-26 में दिवालिया घोषित हो गई है, पर किसानों का 106 करोड़ रुपया गन्ना मूल्य बकाया है ? क्या सरकार किसानों का गन्ना का बकाया भुगतान करेगी तथा फैक्ट्री में कार्यरत कर्मचारियों का समायोजन अन्य जगह फैक्ट्री में करने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चीनी उद्योग-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री कविन्द्र चौधरी<br>11-01-2026 | 73-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बस्ती में विकास खण्ड दुबौलिया के अन्तर्गत छपिया एकडेगवा मार्ग पर छपिया घाट के पास मनोरमा नदी पर पुल न होने के कारण उस क्षेत्र के श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम आने-जाने तथा पाण्डव नगर स्थित महाविद्यालय में अध्ययनरत् छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय तक जाने में परेशानी होती है ? क्या सरकार उक्त स्थान पर स्थाई पुल | लोक निर्माण-6 |

का निर्माण होने तक छपिया घाट के पास मनोरमा नदी पर पीपे के पुल का निर्माण कराएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री कविन्द्र चौधरी<br>11-01-2026 | 74-क्या स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के समस्त जनपदों में सरकार जमीनों के सर्कल दरें प्रत्येक वर्ष निर्धारित करती है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार के संज्ञान में है कि वर्तमान में जनपद बस्ती में निर्धारित सर्किल दरें बाजार मूल्य से अत्यधिक ऊँची हैं, जिसके कारण आम जनता, विशेष रूप से किसानों और मध्यम वर्ग के लोगों को जमीन खरीदने, बेचने या रजिस्ट्री कराने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ? क्या सरकार उक्त के निराकरण हेतु समिति गठित कर वास्तविक स्थिति का आंकलन कर जनपद बस्ती में बाजार मूल्य के अनुसार जमीनों की सर्किल दरें निर्धारित करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन-2 |
| | ------ | |
| श्री कविन्द्र चौधरी<br>11-01-2026 | 75-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बस्ती के विधान सभा क्षेत्र कप्तानगंज के अन्तर्गत विकास खण्ड गौर के ग्राम आईलाकला के दो मजरे पुरवा एवं चाइडीह मुख्य पिच मार्ग से जुड़ा न होने के कारण बरसात के समय आवागमन में समस्या होती है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मजरों के लिए पक्के मार्ग का निर्माण कराएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |
| | ----- | |
| श्री कविन्द्र चौधरी<br>11-01-2026 | 76-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बस्ती के विधान सभा क्षेत्र कप्तानगंज में गौर ब्लाक के अन्तर्गत ग्राम-कवलसिया में पूर्व माध्यमिक विद्यालय कवलसिया से दुल्हिन बगिया होते हुए नरथरी पड़री-शिवाघाट मार्ग तक की सड़क जर्जर है ? क्या सरकार उक्त मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कराएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |
| | ------ | |
| श्री जय कुमार सिंह जैकी<br>11-01-2026 | 77-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फतेहपुर के विधान सभा क्षेत्र बिन्दकी के अन्तर्गत मीरपुर कुरुस्ती पंचायत भवन से भैसाही तक (दूरी 2 किमी0), | लोक निर्माण-1 |

दीवान का पुरवा नहर से करसवां तक (दूरी 2 किमी0), जोनिहा मार्ग से ठकुराइनपुर तक (दूरी 2 किमी0), भगवंतपुर से धारुपुर तक (दूरी 2.5 किमी0), जोनिहा मार्ग से धारूपुर तक (दूरी 1.5 किमी0), सकत हिम्मतपुर (जूनि0 हाई स्कूल) से अस्ता तक (दूरी 1.5 किमी0), रावतपुर रोड से बैजानी होते हुए भगवंतपुर तक (दूरी 4 किमी0), लालपुर से गौशाला होते हुए बैजानी तक (दूरी 1 किमी0), धारुपुर से केशवपुर तक (दूरी 2.5 किमी0) मार्ग जर्जर होने के कारण लोगों को आवागमन में असुविधा होती है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मार्गों हेतु वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करवाते हुए इनका निर्माण कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराएगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

श्री अनिल प्रधान
12-01-2026

78-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद चित्रकूट के विकास खण्ड कर्वी के ग्राम पंचायत मऊब में टिटिहीरा से मऊब तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य सरकार कराएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

लोक निर्माण-1

------

श्री अनिल प्रधान
12-01-2026

79-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद चित्रकूट के देवांगना घाटी से गिरधार बाबा वाया ददरी माफी होते हुए मारकुण्डी तक सम्पर्क मार्ग का चौड़ीकरण का कार्य सरकार कराएगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

लोक निर्माण-1

------

श्री अनिल प्रधान
12-01-2026

80-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद चित्रकूट में ज्ञान भारती इण्टर कॉलेज कसहाई रोड कर्वी से रगौली होते हुए राजापुर सम्पर्क मार्ग का चौड़ीकरण का कार्य कराने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

लोक निर्माण-1

------

श्री तेज प्रताप सिंह
12-01-2026

81-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि सड़कों के निर्माण एवं डामरीकरण हेतु चयन की प्रक्रिया और निर्धारित मानक क्या हैं ? क्या सरकार यह भी बताएगी कि प्रदेश में अभी भी ऐसी कितनी बसावटें/मजरे हैं जो पक्के सम्पर्क मार्गों से वंचित हैं और सरकार द्वारा इन 'अन-जुड़ी

लोक निर्माण-1

बसावटों' को पक्की सड़कों से जोड़ने के लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है ? क्या सरकार ने इन गांवों को मुख्य मार्गों से जोड़ने की कोई कार्य योजना बनाई है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री अनिल प्रधान<br>12-01-2026 | 82-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में 2011 की जनगणना के अनुसार जिन ग्रामों की बसावटों की आबादी 100 से अधिक और 250 की आबादी से कम है, उन्हें पक्के सम्पर्क मार्ग से जोड़ने हेतु कोई कार्य योजना सरकार ने बनाई है ? यदि हाँ, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-9 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री तेज प्रताप सिंह<br>12-01-2026 | 83-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले (बी0पी0एल0) तथा अन्त्योदय कार्डधारक परिवारों की कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुए, सरकार उन्हें मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने अथवा एक निश्चित सीमा तक बिजली बिल पूर्णतः माफ करने की किसी नीति पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री अनिल प्रधान<br>12-01-2026 | 84-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद चित्रकूट के ग्राम पंचायत चौरा में खैरी से गाते का पुरवा तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य सरकार कराएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री रविदास मेहरोत्रा<br>12-01-2026 | 85-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि मोहल्ला बार्लिंगटन कम्पाउन्ड, निकट मेडवेल हास्पिटल, कैन्ट रोड, नगर निगम जोन-1, जगदीश चन्द्र बोस वार्ड, लखनऊ में कोई भी सफाई कर्मचारी द्वारा डेली सफाई नहीं करी जाती है ? क्या सरकार जनहित में उक्त क्षेत्र हेतु सफाई कर्मचारी की तैनाती कर सफाई सुनिश्चित करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-7 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रभु नारायण सिंह यादव<br>12-01-2026 | 86-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखनऊ की विधान सभा क्षेत्र सरोजनीनगर के अन्तर्गत तेलीबाग स्थित 'विनायकी तालाब' वर्तमान में | नगर विकास-7 |

अत्यधिक गंदगी, जलकुम्भी और कूड़े के अंबार से पटा हुआ है ? क्या सरकार जनहित और पर्यावरण संरक्षण को देखते हुए उक्त तालाब की सम्पूर्ण सफाई मौके की स्थिति के प्रमाणिक साक्ष्य के साथ तथा सुन्दरीकरण का कार्य सरकार कराएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री नाहिद हसन<br>12-01-2026 | 87-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के नगर पालिका परिषद् कैराना द्वारा ऐतिहासिक देवी मन्दिर परिसर की भूमि पर कराए जा रहे बोरिंग कार्य हेतु मूल दानकर्ताओं के परिवार से वैधानिक सहमति ली गई है ? यदि नहीं, तो क्या सरकार ऐतिहासिक धरोहर की सुरक्षा के दृष्टिगत बोरिंग कार्य के पूर्व मिट्टी परीक्षण, स्थल पर बोरिंग करने से उत्पन्न वाइब्रेशन के सम्भावित खतरे का अध्ययन करा लिया गया है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जय प्रकाश अंचल<br>12-01-2026 | 88-क्या वन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बलिया में वित्तीय वर्ष 2024-2025 में कितना पौधरोपण का लक्ष्य था तथा उसके सापेक्ष कितना पौधरोपण किया जा चुका है ? क्या सरकार ब्लॉकवार सूची सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री विनोद चतुर्वेदी<br>12-01-2026 | 89-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद जालौन के विधान सभा क्षेत्र कालपी में कितने सड़कों को गड्ढामुक्त योजना के अन्तर्गत गड्ढामुक्त किया गया है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री विनोद चतुर्वेदी<br>12-01-2026 | 90-क्या वन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद जालौन में वन विभाग द्वारा वर्ष 2023-24, 2024-25 में कितने वोना नाली बनवाई गई तथा कितने ट्री गार्ड लगाये गये एवं वन विभाग जालौन द्वारा उक्त वित्तीय वर्षों में कितना धन खर्च किया गया एवं किन-किन इकाइयों द्वारा कराया गया ? क्या सरकार उक्त कार्यों का सत्यापन किसी ऐजेन्सी से करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन-5 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री जगदीश नारायण<br>12-01-2026 | 91-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि हेतु कोई कार्य-योजना प्रस्तावित है ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि जनपद जौनपुर में वित्तीय वर्ष 2023-24 तथा 2024-25 में कितने ट्रान्सफार्मरों की क्षमता वृद्धि की गई है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जगदीश नारायण<br>12-01-2026 | 92-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में सम्पूर्ण ऊर्जीकृत ग्राम व मजरे कितने हैं तथा कितने ग्राम मजरों में अभी तक विद्युतीकरण नहीं हुआ है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जगदीश नारायण<br>12-01-2026 | 93-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित सड़कों के किनारे पटरी बनाने का प्राविधान है ? यदि हाँ, तो उक्त का स्टीमेट कार्य योजना में सम्मिलित करने का क्या प्रावधान है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री पंकज मलिक<br>12-01-2026 | 94-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मुजफ्फरनगर के चरथावल विधान सभा क्षेत्र में प्रश्नकर्ता का पत्र संख्या क-7 नं0 349153, दिनांक 24-10-24, प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग को जो कि बिरालसी दूधली से पिलखनी मार्ग को विशेष मरम्मत व अन्य मार्ग निर्माण विषयक है, प्राप्त हुआ ? यदि हाँ, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही हुई ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री पंकज मलिक<br>12-01-2026 | 95-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मुजफ्फरनगर के चरथावल विधान सभा क्षेत्र में प्रश्नकर्ता का प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग को पत्र संख्या क-7 न0 251085, दिनांक 24/10/2024 जो कि दिल्ली हरिद्वार हाई-वे से वहलना गांव तक मार्ग निर्माण व अन्य मार्ग निर्माण विषयक है, प्राप्त हुआ ? यदि हाँ, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री पंकज मलिक<br>12-01-2026 | 96-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रश्नकर्ता का पत्रांक ग-7 नं0 102339 जो कि कतिपय विधान सभा क्षेत्र में जर्जर सड़कों की निर्माण के सम्बन्ध में था, प्रमुख सचिव को प्राप्त हुआ ? यदि हाँ, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही हुई ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री अखिलेश<br>12-01-2026 | 97-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ के विधान सभा क्षेत्र मुबारकपुर में काशीपुर गोछा मेन रोड से ग्राम नरांव से कुटी तक सड़क मार्ग जर्जर एवं गड्ढायुक्त होने के कारण लोगों को आवागमन में असुविधा होती है ? क्या सरकार उक्त मार्ग का नवीनीकरण अथवा विशेष मरम्मत करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री मौहम्मद फहीम इरफान<br>12-01-2026 | 98-क्या गन्ना विकास एवं चीनी मिलें मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मुरादाबाद में बिलारी शाहबाद मार्ग से राजकीय इण्टर कॉलेज नगलिया जट समेत दर्जन भर ग्रामों को जोड़ने वाली सड़क क्षतिग्रस्त है ? क्या सरकार उक्त क्षतिग्रस्त सड़क का किसी निश्चित अवधि में पुनर्निर्माण कराएगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चीनी उद्योग-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 पल्लवी पटेल<br>12-01-2026 | 99-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं के बिजली के बिल में रात्रिकालीन के अलग तथा दिन के विद्युत बिल अलग बनाए जाने के सम्बन्ध में कोई प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री मौहम्मद फहीम इरफान<br>12-01-2026 | 100-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मुरादाबाद के नगर बिलारी स्थित लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस की बदहाली से सरकार परिचित है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार किसी निश्चित अवधि में उक्त गेस्ट हाउस का जीर्णोद्धार कराना सुनिश्चित करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-5 |

डॉ0 पल्लवी पटेल
12-01-2026

101-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद कौशाम्बी की सिराथू विधान सभा क्षेत्र में प्रमुख सड़कों व बाजारों में उपयुक्त स्थान पर टॉयलेट/पिंक टॉयलेट न होने के कारण महिलाओं को परेशानी होती है ? क्या सरकार निःशुल्क टॉयलेट का निर्माण कर महिलाओं को इस समस्या से निजात दिलाएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

नगर विकास-5

------

श्री कविन्द्र चौधरी
12-01-2026

102-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बस्ती के विधान सभा क्षेत्र कप्तानगंज के अन्तर्गत बहुत से मजरे विद्युत उपकेन्द्रों से बहुत दूर होने के कारण फॉल्ट तथा लो-वोल्टेज की समस्या से परेशान रहते हैं ? क्या सरकार सुचारु विद्युत आपूर्ति के लिए विकास खण्ड हरैया के ग्राम अमारी तथा हसीनाबाद में नए 33/11 उपकेन्द्रों की स्थापना कराएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

ऊर्जा-1

------

श्री कविन्द्र चौधरी
12-01-2026

103-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित एवं अनुरक्षित सड़कों के समीप अनेक गांव स्थित हैं, किन्तु उन गांवों की पहचान हेतु सड़कों पर मार्गदर्शक या सूचक बोर्डों (साइन बोर्ड) के न होने के कारण बाहरी आगन्तुकों, वाहन चालकों, यात्रियों और आपातकालीन सेवाओं (एम्बुलेंस, अग्निशमन वाहन आदि) को इन गांवों तक पहुंचने में कठिनाई होती है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित एवं अनुरक्षित सड़कों पर गांवों की पहचान हेतु मार्गदर्शक अथवा सूचक बोर्डों (साइन बोर्ड) को लगाएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

लोक निर्माण-1

------

श्री आशु मलिक
12-01-2026

104-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रदेश के प्रमुख/अन्य जिला मार्गों के निर्माण के नये कार्यों हेतु एकमुश्त व्यवस्था के अन्तर्गत जनपद सहारनपुर के विधान सभा क्षेत्र देहात में किस मार्ग हेतु स्वीकृति दी गयी है ? यदि नहीं, तो क्या सरकार स्थानीय जन-प्रतिनिधि के प्रस्ताव पर मार्ग निर्माण की स्वीकृति देगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

लोक निर्माण-11

| | | |
|---|---|---|
| श्री आशु मलिक<br>12-01-2026 | 105-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रश्नकर्ता का पत्र संख्या-क-7 नं0-527053, दिनांक 23-09-2025, जो विधान सभा सहारनपुर देहात के अन्तर्गत नगर निगम, सहारनपुर क्षेत्र में जल निकासी हेतु सी0सी0 नाले के निर्माण विषयक है, उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हाँ, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 संग्राम यादव<br>12-01-2026 | 106-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद कुशीनगर के विकास खण्ड पडरौना में ग्राम खनवार बकलोलही में श्री राज किशोर चौहान के घर से श्री रामप्रीत गोंड के घर से होते हुए अनुसूचित जाति बस्ती तक मार्ग कच्चा होने के कारण बरसात में लोगों को आवागमन में असुविधा होती है ? क्या सरकार उक्त अनुसूचित बस्ती को पक्का मार्ग से जोड़ेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री राजीव सिंह उर्फ बब्बू भईया<br>12-01-2026 | 107-विधान सभा के प्रथम सत्र, 2025 के प्रथम बुधवार के अतारांकित प्रश्न संख्या-35 के उत्तर के कम में क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बदायूँ अन्तर्गत सेमरिया देंदू, जरतौली, ग्राम मौसमपुर, आनन्दपुर सेन्सस कोड 128920 ब्लॉक म्याऊ, जनपद बदायूँ का विद्युतीकरण कार्य की निविदा प्रक्रिया पूर्ण कराकर उक्त ग्राम का विद्युतीकरण सरकार करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री समरपाल सिंह<br>12-01-2026 | 108-विधान सभा के तृतीय सत्र, 2025 के प्रथम बुधवार के अतारांकित प्रश्न संख्या-59 के उत्तर के क्रम में क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बागपत के नगर पालिका क्षेत्र बड़ौत के वार्ड नं0-17 ओमनगर में विवेक तोमर के मकान से सतबीरी के मकान तक सी0सी0 सड़क/आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य जिसकी वित्तीय स्वीकृति नगर सृजन योजनान्तर्गत शासनादेश दिनाँक 01-12-2025 द्वारा प्रदान की जा चुकी है, का कार्य पूर्ण करा लिया गया है ? यदि हाँ, तो किस दिनाँक तक | नगर विकास-2 |

कार्य पूर्ण कर लिया गया ? यदि नहीं, तो किस दिनाँक तक कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा एवं विलम्ब के क्या कारण हैं ?

------

श्री प्रसन्न कुमार
12-01-2026

109-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के विधान सभा क्षेत्र शामली सदर के अन्तर्गत नगर पालिका शामली के वार्ड नं0-9 के देवयोग एन्क्लेव में गली नं0-2 रजवाहा के निकट जयदेव के मकान से बबीता के मकान तक जिसकी लम्बाई लगभग 200 मी0 है, मार्ग कच्चा है एवं आस-पास गन्दा पानी भरा रहता है, जिससे आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है ? क्या सरकार उक्त मार्ग का सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुए किसी निश्चित समयावधि में पूर्ण करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

नगर विकास-2

------

श्री जवाहर लाल राजपूत
12-01-2026

110 क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झाँसी के ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश विद्युत उपभोक्ताओं के घरेलू कनेक्शन के बिलों को हर माह घरों पर नहीं उपलब्ध कराया जाता है तथा वर्षों बाद एक साथ अधिक बिल उपलब्ध कराया जाता है ? क्या सरकार उक्त क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं को प्रत्येक माह समय से विद्युत बिल उपलब्ध कराने की व्यवस्था करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

ऊर्जा-3

------

श्री प्रसन्न कुमार
12-01-2026

111-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के विधान सभा क्षेत्र शामली सदर के मोहल्ला रेलपार के कुड़ाना रोड से सदाशिव मन्दिर जाने वाला मार्ग क्षतिग्रस्त है एवं दोनों तरफ नाली न होने के कारण रोड तोड़कर जगह-जगह पर पानी निकाला जाता है ? क्या सरकार उक्त क्षतिग्रस्त मार्ग एवं नाली की मरम्मत/सुदृढ़ीकरण कार्य वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुए समयान्तर्गत कार्य पूर्ण करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

नगर विकास-2

------

श्री आनन्द कुमार यादव
12-01-2026

112-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बहराइच के अन्तर्गत ग्राम पंचायत फखरपुर,

नगर विकास-1

परशुरामपुर, घासीपुर, खालिदपुर व माधोपुर, विकास खण्ड फखरपुर आपस में मिली हुई हैं और आबादी पचास हजार से अधिक है, को समेकित कर नगर पंचायत फखरपुर के नाम से नगर पंचायत फखरपुर बनाये जाने पर सरकर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री आनन्द कुमार यादव<br>12-01-2026 | 113-क्या पर्यावरण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि सरयू नदी की शाखा झिंगरी नदी में शुगर मिल परसेन्डी का गन्दा पानी नदी में बहने की वजह से लाखों जीव जन्तु जो पानी में रहते हैं, मर चुके हैं, पानी इतना दूषित हो गया है कि पूजा-पाठ, स्नान आदि करने के लिए उपयोगी नहीं रह गया है, बहुत से मवेशी मर चुके हैं व आस-पास के गाँव में तमाम प्रकार की बीमारियाँ भी फैल चुकी हैं ? क्या सरकार इस फैक्ट्री के गन्दे पानी को झिंगरी नदी में बहने से रोकने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन-6 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री आनन्द कुमार यादव<br>12-01-2026 | 114 क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बहराइच के ग्राम होलापारा सिकही घाट पर आस-पास के ग्राम पंचायत के लोग जिला मुख्यालय जाने के लिए नाव से उतर कर या फिर 50 किमी0 का चक्कर लगाकर जिला मुख्यालय पहुँचते हैं ? यदि हाँ, तो क्या सरकार सिकही घाट पर पुल निर्माण कराएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-6 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जय कुमार सिंह जैकी<br>12-01-2026 | 115-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फतेहपुर के विधान सभा क्षेत्र बिन्दकी के अन्तर्गत खानपुर से बेलवारा तक (दूरी 3.5 किमी0), जोनिहा मार्ग सहिली से मोहनखेड़ा तक (दूरी 5 किमी0), मंजुपुर से जैनपुर तक (दूरी 1.5 किमी0), बुधइयापुर से भैरमपुर तक (दूरी 1.3 किमी0), जोनिहा मार्ग से बैजानी तक (दूरी 2 किमी0), जी0टी0 रोड से दोड़ियाही तक (दूरी 1.5 किमी0), भैसाही से अल्लीपुर तक (दूरी 2 किमी0) मार्ग जर्जर अवस्था में है ? क्या सरकार उक्त मार्गों हेतु वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करवाते हुए पुनर्निर्माण/मरम्मतीकरण का कार्य कराएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री जय कुमार सिंह जैकी<br>12-01-2026 | 116-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फतेहपुर के विकास खण्ड तेलियनी के अन्तर्गत ग्राम धारूपुर के बम्बा में बनी पुरानी पुलिया के अत्यधिक सँकरी होने के कारण वहां से स्कूली बसें एवं अन्य बड़े वाहन नहीं गुजर पाते हैं, जिससे छात्रों एवं स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाई का सामना करना पडता है ? क्या सरकार जनहित एवं छात्रों की सुरक्षा के दृष्टिगत उक्त पुलिया के चौड़ीकरण हेतु वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करवाते हुए चौड़ीकरण का कार्य कराएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई<br>[02-मंगलवार के अतांराकित प्र0सं0-01 के अन्तर्गत स्थानान्तरित।] |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जय कुमार सिंह जैकी<br>12-01-2026 | 117-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फतेहपुर में निर्मित कोराई बाईपास (बाँदा-सागर मार्ग) का निर्माण कराया गया है ? क्या सरकार के संज्ञान में है कि उक्त बाईपास के निर्माण के दौरान कोराई गाँव के पास आवश्यक पुलिया का निर्माण न कराए जाने के कारण गाँव में जल निकासी की गम्भीर समस्या उत्पन्न हो गई है ? क्या सरकार जनहित में उक्त गाँव को जलभराव से बचाने हेतु उक्त स्थल पर पुलिया निर्माण एवं जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-12 |

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 बृजेश कठेरिया<br>12-01-2026 | 118-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मैनपुरी की विधान सभा क्षेत्र किशनी के विकास खण्ड किशनी के अन्तर्गत 'भिटारा मार्ग से सतियाहार तक एवं रठेय मार्ग से समदपुर तक' का सम्पर्क मार्ग जर्जर है, जिससे आवागमन बाधित रहता है ? क्या सरकार जनहित में उक्त दोनों मार्गों का डामरीकरण का निर्माण कार्य कराएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 बृजेश कठेरिया<br>12-01-2026 | 119-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मैनपुरी के विधान सभा क्षेत्र किशनी के अन्तर्गत 'मनिगांव मार्ग से बल्लमपुर तक' एवं 'मनिगांव मार्ग से डेराडूंगर जगतपुर तक' के सम्पर्क मार्ग जर्जर हैं ? क्या सरकार | लोक निर्माण-1 |

उक्त दोनों मार्गों का डामरीकरण/निर्माण कार्य कराएगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 बृजेश कठेरिया<br>12-01-2026 | 120-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मैनपुरी की विधान सभा क्षेत्र किशनी के अन्तर्गत बेवर में 'पदमनेर से धऊवा' तथा विकास खण्ड जागीर में 'नगला बाग (लेखराजपुर) से सेवापुर' तक का मार्ग जर्जर है ? क्या सरकार उक्त मार्गों का डामरीकरण का कार्य कराएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 बृजेश कठेरिया<br>12-01-2026 | 121-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मैनपुरी की विधान सभा क्षेत्र किशनी के अन्तर्गत विकास खण्ड करहल में 'रानीपुर (हरेर) से राजपुर कला तक' तथा विकास खण्ड बखतपुर में 'बिजलीघर से नगला जसी मार्ग तक' के सम्पर्क मार्ग जर्जर हैं, जिससे क्षेत्रीय नागरिकों को आवागमन में असुविधा हो रही है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दोनों मार्गों का डामरीकरण/पुनर्निर्माण कराने का कार्य करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री स्वामी ओउ्मवेश<br>13-01-2026 | 122-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में लोक निर्माण विभाग द्वारा जो मरम्मत, नव निर्माण कराया जा रहा है, उन मार्गों पर शासनादेशानुसार बोर्डों पर माननीय मुख्य मंत्री लोक निर्माण विभाग के साथ-साथ क्षेत्रीय विधायक का नाम अंकित कराने का प्रवधान है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार बताने की कृपा करेगी कि विधान सभा क्षेत्र चाँदपुर में शासनादेश के अनुरूप मार्गों पर बोर्ड नहीं लगाये जा रहे हैं ? क्या सरकार शासनादेश का उल्लंघन करने वाले दोषियों पर कार्यवाही करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती इन्द्राणी देवी<br>14-01-2026 | 123-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद श्रावस्ती के ब्लॉक सिरसिया जंगल अंटा तिराहे से राजपुर मोड़ तक जाने वाले मार्ग को 'टू-लेन' में परिवर्तित कराते | लोक निर्माण-1 |

हुए चौड़ीकरण का कार्य सरकार कराएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री रविदास मेहरोत्रा<br>13-01-2026 | 124-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखनऊ में अनेक स्थानों पर खुले नाले होने के कारण आम-जनता को दुर्घटना, गन्दगी एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है ? क्या सरकार द्वारा इन खुले नालों को तली तक साफ कराकर उन्हें ढकने तथा उनके ऊपर सड़क/पाथ-वे निर्माण कराने की कोई कार्य योजना बनाई है ? यदि हाँ, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-7 |
| | ------ | |
| श्री प्रभु नारायण सिंह यादव<br>13-01-2026 | 125-[बहुत ब्यौरे की जानकारी के आधार पर निरस्त।] | |
| | ------ | |
| श्री रविदास मेहरोत्रा<br>13-01-2026 | 126-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि लखनऊ नगर क्षेत्र में झुग्गी-झोपड़ी बस्तियों में निवास कर रहे निवासियों को उसी स्थान पर मालिकाना हक (पट्टा/फ्री होल्ड/लीज अधिकार) प्रदान करने के सम्बन्ध में कोई नीति विचाराधीन है ? यदि हाँ, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-7 |
| | ------ | |
| श्री अनिल प्रधान<br>13-01-2026 | 127-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद चित्रकूट के ग्राम पंचायत सरधुवा में नव-निर्मित थाना तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य सरकार कराएगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |
| | ------ | |
| श्री अनिल प्रधान<br>13-01-2026 | 128-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद चित्रकूट के ग्राम पंचायत घुरेटनपुर, चिलीमल, साईंपुर में नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु 33/11 विद्युत उपकेन्द्र का निर्माण कार्य सरकार कराएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-1 |
| | ------ | |
| श्री प्रभु नारायण सिंह यादव<br>13-01-2026 | 129-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र सकलडीहा के विभिन्न ग्रामों में लगे जर्जर बिजली के तार और पुराने ट्रांसफार्मर बदलने हेतु विभाग की क्या | ऊर्जा-3 |

कार्य-योजना है ? क्या सरकार के संज्ञान में है कि लो-वोल्टेज और जर्जर तारों के कारण किसानों को सिंचाई में बाधा होती है और दुर्घटना का भय बना रहता है ? क्या सरकार उक्त जर्जर तारों को बदलवाकर सुदृढ़ विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जय प्रकाश अंचल<br>13-01-2026 | 130-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बलिया के विधानसभा क्षेत्र बैरिया में जर्जर विद्युत तारों एवं खम्भों को बदलवाने की कोई कार्य योजना सरकार ने बनाई है ? यदि हाँ, तो उक्त का विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>13-01-2026 | 131-क्या वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु केन्द्र समर्थित योजनाओं के संचालन हेतु राज्य सरकार को केंद्र सरकार से कितना धन आवंटित किये जाने का लक्ष्य था ? क्या सरकार बतायेगी कि वित्तीय वर्ष 2023-24 तथा 2024-25 में केन्द्र समर्थित योजनाओं की धनराशि राज्य सरकार को तय लक्ष्य के सापेक्ष कितनी और कब प्राप्त हुयी ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वित्त संसाधन(वित्त आयोग एवं केन्द्रीय सहायता) |

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>13-01-2026 | 132-क्या वन एवं पर्यावरण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में विगत तीन वर्ष में विशेष कार्यक्रम चलाकर वर्षवार कुल कितने पौधे रोपित किए गए ? क्या सरकार बतायेगी कि उक्त पौधों में से वर्तमान में कुल कितने पौधे/वृक्ष जीवित हैं ? क्या सरकार जनपदवार रोपे गये पौधों तथा उक्त वृक्षारोपण के कार्यक्रम पर व्यय की गई धनराशि का वर्षवार विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>13-01-2026 | 133-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि विगत 03 वित्तीय वर्षों में नये विद्युत संयोजन पर वर्षवार दरों में कितने प्रतिशत की वृद्धि की गयी है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेंगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा(निजी निवेश) प्रकोष्ठ |

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 बृजेश कठेरिया<br>13-01-2026 | 134-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मैनपुरी की नगर पंचायत किशनी के कृष्णानगर में स्थित जर्जर पानी की टंकी के स्थान पर जन-सुरक्षा की दृष्टि से नई पानी की टंकी का निर्माण कार्य कराने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-5 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री स्वामी ओमवेश<br>13-01-2026 | 135-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेगे कि प्रदेश में किसान द्वारा कृषि उपकरण जिन पर सरकार द्वारा छूट देने का प्रविधान नहीं है, उन कृषि यन्त्रों पर सरकार जी0एस0टी0 पर छूट देने की योजना पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राज्य कर-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 बृजेश कठेरिया<br>13-01-2026 | 136-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मैनपुरी की विधान सभा क्षेत्र किशनी के अन्तर्गत 'कान्हूपुर से कुरसंडा माइनर होते हुए सकरावा मार्ग तक' सम्पर्क मार्ग जर्जर अवस्था में है ? क्या सरकार उक्त मार्ग पर डामरीकरण का कार्य करवाएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जय प्रकाश अंचल<br>13-01-2026 | 137-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बलिया के विधान सभा क्षेत्र बैरिया अन्तर्गत नवकागांव से दयाछपरा गांव की तरफ जाने वाला मार्ग जर्जर होने के कारण आवागमन में कठिनाई होती है ? क्या सरकार उक्त मार्ग का पुनः निर्माण कार्य करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जय प्रकाश अंचल<br>13-01-2026 | 138-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बलिया के विधान सभा क्षेत्र बैरिया के टी0 एस0 बन्धा से रतिछपरा सम्पर्क मार्ग जर्जर होने से आम-जनमानस को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ? क्या सरकार उक्त मार्ग का निर्माण करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति [02-मंगलवार के अतारांकित प्र0सं0-03 के अन्तर्गत स्थानान्तरित।] |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री सर्वेश सिंह<br>13-01-2026 | 139-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद की विधान सभा क्षेत्र सिरसागंज में कटोरा बुजुर्ग सम्पर्क मार्ग से बंबा की बगल भांडरी, जहांगीरपुर होते हुए आगे नगला मीर सम्पर्क मार्ग तक जर्जर एवं गड्ढायुक्त | लोक निर्माण-1 |

| | | |
|---|---|---|
| | सड़क का नव निर्माण कार्य सरकार कराएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| डॉ0 राकेश कुमार वर्मा उर्फ डॉ0 आर0 के0 वर्मा<br>13-01-2026 | 140-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद प्रयागराज के विधान सभा क्षेत्र फाफामऊ श्रृंगवेरपुर ग्राम सभा बरई हरख मजरा बनवारी का पूरा के जय करण पटेल के आवास एवं मुहल्ले से लेकर नाननसई से बरई हरख जाने वाले मार्ग का नव निर्माण सरकार कराएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |
| डॉ0 राकेश कुमार वर्मा उर्फ डॉ0 आर0 के0 वर्मा<br>13-01-2026 | 141-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में आयोजित महाकुम्भ-2025 पर कुल कितना धन व्यय हुआ तथा उसके सापेक्ष सरकार को कुल कितनी राजस्व की प्राप्ति हुई थी ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-1 |
| श्री पंकज मलिक<br>13-01-2026 | 142-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रश्नकर्ता का पत्रांकः क-7 नं0-101534, दिनाँक 09-10-2023, जो कि जनपद मुजफ्फनगर बघरा से त्रिपड़ी, बुड़ीनाखुर्द सम्पर्क मार्ग निर्माण विषयक है, उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हाँ, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्रवाई की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-14 |
| श्री पंकज मलिक<br>13-01-2026 | 143-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रश्नकर्ता का पत्र संख्या-ख-7 नं0-385902, जो कि जनपद मुजफ्फरनगर के विधान सभा क्षेत्र चरथावल में सड़क निर्माण विषयक है, उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हाँ, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही हुई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम |
| श्री पंकज मलिक<br>13-01-2026 | 144-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रश्नकर्ता का प्रबन्ध निदेशक, विद्युत विभाग को पत्र संख्या-क-7 नं0-251021, दिनांक 19-01-2024, जो विद्युत ओवरहेड केबल डालने व अन्य कार्यों के सम्बन्ध में है, उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हाँ, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही हुई ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-3 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री विनोद चतुर्वेदी<br>13-01-2026 | 145-क्या सहकारिता मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद जालौन में सरकारी संस्थानों/सहकारी समितियों को वर्ष 2023-24, 2024-25 में कितनी डी0ए0पी0 खाद तथा यूरिया खाद उपलब्ध कराई गयी तथा सरकारी संस्थाओं में चना, मटर, लाही, मसूर, गेहूं, अरहर मूंग, उरद, बाजरा, ज्वार आदि पर उक्त वित्तीय वर्षों में सरकार द्वारा कितना अनुदान देकर कितने किसानों को लाभान्वित किया गया ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सहकारिता-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री अखिलेश<br>13-01-2026 | 146-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ के विधान सभा क्षेत्र मुबारकपुर में हरैया कादीपुर उसरी सम्पर्क मार्ग से कादीपुर केरमा सम्पर्क मार्ग क्षतिग्रस्त एवं गड्ढायुक्त होने के कारण लोगों को आवागमन में असुविधा होती है ? क्या सरकार उक्त मार्ग का नवीनीकरण/विशेष मरम्मत कराएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री पंकज पटेल<br>13-01-2026 | 147-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद जौनपुर के विधान सभा क्षेत्र मुंगराबादशाहपुर में जनवरी, 2022 से 24 मार्च, 2025 तक कितनी सड़कें नव-निर्मित हुईं तथा कितनों का पुनः निर्माण कराया गया एवं कितनों का मरम्मत कार्य कराया गया तथा उक्त पर कितना धन व्यय किया गया ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री अखिलेश<br>13-01-2026 | 148-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ के विधान सभा क्षेत्र मुबारकपुर, विकास खण्ड सठियांव के सिकन्दरपुर गांव में तमसा नदी के ऊपर निर्माणाधीन पुल में इस्तेमाल की जा रही सामग्री अधोमानक श्रेणी की नहीं है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पुल के निर्माण में अनियमितता की जांच कराते हुये पुल के निर्माण की कोई समय-सीमा निर्धारित करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-6 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री अखिलेश<br>13-01-2026 | 149-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ के विधान सभा क्षेत्र मुबारकपुर अन्तर्गत ग्राम च्युटही से सलारपुर सम्पर्क मार्ग क्षतिग्रस्त एवं गड्ढायुक्त होने के कारण लोगों को आवागमन में असुविधा हो रही है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मार्ग का नवीनीकरण अथवा विशेष मरम्मत का कार्य करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री अखिलेश<br>13-01-2026 | 150-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ के विधान सभा क्षेत्र मुबारकपुर अन्तर्गत ग्राम सभा समेदा अन्तर्गत भरथही सम्पर्क मार्ग क्षतिग्रस्त एवं गड्ढायुक्त होने के कारण लोगों को आवागमन में असुविधा हो रही है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मार्ग का नवीनीकरण अथवा विशेष मरम्मत का कार्य करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री अखिलेश<br>13-01-2026 | 151-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ के विधान सभा क्षेत्र मुबारकपुर अन्तर्गत नरांव से चकिया मार्ग क्षतिग्रस्त एवं गड्ढायुक्त होने के कारण लोगों को आवागमन में असुविधा हो रही है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मार्ग का नवीनीकरण अथवा विशेष मरम्मत का कार्य करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 संग्राम यादव<br>13-01-2026 | 152-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ के नगर पालिका परिषद्, आजमगढ़ का विस्तार कराने की कोई योजना है ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-6 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री मौ0 फहीम इरफान<br>13-01-2026 | 153 क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मुरादाबाद की बिलारी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत सीमावर्ती ग्राम नूरुद्दीनपुर गंज के डामर मार्ग द्वारा अपने जिले के किसी भी गांव या रोड से जुड़े न होने से सरकार परिचित है ? क्या सरकार किसी निश्चित अवधि में ग्राम नूरुद्दीनपुर गंज को डामर रोड द्वारा अपने जिले से जोड़ना सुनिश्चित करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-1 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री हाकिम लाल बिन्द<br>13-01-2026 | 154-[प्रश्न का विषय राज्य सरकार से असम्बद्ध होने के कारण निरस्त।] | |
| श्री आशु मलिक<br>13-01-2026 | 155-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि सहारनपुर विकास प्राधिकरण द्वारा निवासियों हेतु सहारनपुर देहात विधान सभा क्षेत्र में औषधि पार्क विकसित करने की सरकार की कोई योजना है ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आवास एवं शहरी नियोजन-9 |
| श्री समरपाल सिंह<br>13-01-2026 | 156-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के नगर पालिका शामली अन्तर्गत वर्मा मार्केट के निकट कनिका कॉम्प्लेक्स में संचालित रॉयल सैलून, यूनिक एक्वा प्रेशर, उर्वा स्पा सेन्टर, ब्लू स्टार स्पा सेन्टर, उर्वा एक्वा प्रेशर स्पा एण्ड सैलून सेन्टर एवं शाइन स्पा सेन्टरों द्वारा नगर विकास/नगर निगम द्वारा आवश्यक पंजीकरण एवं अनुमति प्राप्त की गयी है ? यदि हाँ, तो क्या उक्त पंजीकरण एवं अनुमति पत्रों की प्रतियाँ सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-2 |
| श्री समरपाल सिंह<br>13-01-2026 | 157-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के नगर पालिका शामली अन्तर्गत वर्मा मार्केट के निकट कनिका कॉम्प्लेक्स में अवैध रूप से संचालित कनिका होटल द्वारा नगर विकास/नगर पालिका द्वारा आवश्यक पंजीकरण/एन0ओ0सी0 प्राप्त की गयी है ? यदि हाँ, तो क्या उक्त पंजीकरण/एन0ओ0सी0 की प्रतियाँ सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-2 |
| श्री तेज प्रताप सिंह<br>13-01-2026 | 158-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मैनपुरी की विधान सभा क्षेत्र एवं विकास खण्ड-करहल के अन्तर्गत ग्राम सड़ स्थित अनइया नदी पर पुल न होने के कारण स्थानीय ग्रामीणों और किसानों को आवागमन में असुविधा हो रही है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त नदी पर पक्का पुल निर्मित कराने का कार्य करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-6 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री जय कुमार सिंह जैकी<br>13-01-2026 | 159-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फतेहपुर में राज्य योजना के अन्तर्गत राज्य मार्ग संख्या-170 फतेहपुर बहुआ हिनैता मार्ग के चैनेज 4.700 से 25.430 (जयराम नगर से जोनिहा भाग) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण करने विषयक् मेरा पत्र संख्या-क-7 नं0-306621, दिनाँक 26-05-2025 प्राप्त हुआ है ? यदि हाँ, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-11 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जय कुमार सिंह जैकी<br>13-01-2026 | 160-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फतेहपुर के बिन्दकी-फतेहपुर मार्ग (लम्बाई लगभग 17.20 किमी0) एवं बिन्दकी-गुनीर मार्ग के अवशेष भाग (लम्बाई लगभग 3.50 किमी0) का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण सरकार करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-11 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री जय कुमार सिंह जैकी<br>13-01-2026 | 161-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि लखनऊ-मोहनलालगंज से वाया चन्द्रिका देवी बक्सर, बिन्दकी, ललौली होते हुए बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे तक फोर लेन सड़क के निर्माण विषयक् प्रश्नकर्ता का पत्र क-7 नं0-133619, दिनांक 07-02-2023 उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हाँ, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-11 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री तेज प्रताप सिंह<br>13-01-2026 | 162-क्या ऊर्जा मंत्री बताने कि कृपा करेंगे कि जनपद मैनपुरी के विकास खण्ड-जागीर में मछना बिजलीघर चौराहे से शिवसिंहपुर तक सड़क किनारे रोपित वृक्षों को बार-बार काटने से बचाने हेतु सरकार वहां मौजूद विद्युत लाइन को बगल के नाले पर स्थानान्तरित करवाएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-3 |

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री तेज प्रताप सिंह<br>13-01-2026 | 163-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मैनपुरी के विकास खण्ड-जागीर के अन्तर्गत मछना चौराहे से शिवसिंहपुर, सुमेरपुर, सिंहपुर, हविलिया होते हुए मैनपुरी-कुसमरा मार्ग स्थित अजीतगंज पेट्रोल पम्प तक जाने | लोक निर्माण-1 |

वाला मार्ग क्षतिग्रस्त अवस्था में है ? क्या सरकार क्षेत्रीय जनता की सुविधा हेतु उक्त मार्ग का नवीनीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य कराएगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री नाहिद हसन<br>13-01-2026 | 164-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद सहारनपुर में ग्राम बरथा कायस्थ से तड़फवा मार्ग पर ग्राम दभेड़ा में बुढ़ी यमुना में रपटा न होने से वहां के ग्रामीणों को वर्षाकाल में आवागमन में परेशानी होती है ? क्या सरकार वहां के निवासियों को वर्षाकाल में कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए रपटा निर्माण करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-6 |
| | ------ | |
| श्री नाहिद हसन<br>13-01-2026 | 165-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद सहारनपुर के पाज राणा और भूकड़ी ब्लॉक, तहसील बेहट के दोनों गांवों के बीच बरसाती नदी पर रपटा निर्माण न होने के कारण बरसात के मौसम में ग्रामीणों का आवागमन बाधित हो जाता है तथा उन्हें 20 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है ? क्या सरकार उक्त क्षेत्र में रपटा का निर्माण करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-6 |
| | ------ | |
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>14-01-2026 | 166-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि क्या सरकार नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में नगर निगम के जर्जर हो चुके सरकारी भवनों की सूची बनाकर इनके स्थान पर नये भवन बनाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? क्या सरकार उक्त जर्जर हो चुके सरकारी भवनों की सूची शहरवार सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-7 |
| | ------ | |
| श्री रविदास मेहरोत्रा<br>14-01-2026 | 167-[मा0 सदस्य द्वारा प्रश्न वापस लिया गया।] | |
| | ------ | |
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>14-01-2026 | 168-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में विद्युत विभाग में जनपदवार कुल कितने संविदाकर्मी कार्यरत हैं ? इन संविदाकर्मियों के हितों की रक्षा हेतु सरकार | ऊर्जा-2 |

द्वारा विकसित किये संविदा पोर्टल पर संविदा एजेन्सियों द्वारा कितने कार्मिकों का पूरा विवरण पोर्टल पर अपलोड किया जा चुका है तथा इस कार्य को पूर्ण कराये जाने की तय समय-सीमा क्या है ?

------

| | | |
|---|---|---|
| श्री अनिल प्रधान<br>14-01-2026 | 169-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद चित्रकूट के खोह में रेलवे उपरिगामी ब्रिज का निर्माण कार्य सरकार प्रारम्भ करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-12 |

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>14-01-2026 | 170-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के सभी बड़े शहरों में भीषण ट्रैफिक जाम की स्थिति से निजात दिलाने हेतु गाड़ियों की पार्किंग के प्रबन्धन पर ठोस नीति बनाये जाने पर सरकार विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-9 |

------

| | | |
|---|---|---|
| डॉ0 हृदय नारायण सिंह पटेल<br>14-01-2026 | 171-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में अनुदान संख्या 58 के अधीन पण्डित दीनदयाल उपाध्याय योजना अन्तर्गत जनपद आजमगढ़ के जमुआ सागर कम्हारपुर सहदापार रजवाड़े पुल के लिए शासन से 31 मार्च 2023 को धन स्वीकृत हुआ, परन्तु अभी तक उक्त पुल का निर्माण कार्य नहीं हुआ है उक्त के क्या कारण हैं ? क्या सरकार उक्त पुल के लिए स्वीकृत धन से पुल का निर्माण करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-6 |

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>14-01-2026 | 172-क्या नगर विकास मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रदेश के समस्त नगर निगमों की वार्षिक आय एवं व्यय के आँकडें क्या हैं ? क्या सरकार बतायेगी कि राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में नगर निगमवार कितनी धनराशि अनुदान स्वरूप नगर निगमों को दी है ? क्या सरकार घाटे में चल रही नगर निगमों को उबारने हेतु कोई ठोस नीति बनाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नगर विकास-7 |

| | | |
|---|---|---|
| श्री सर्वेश सिंह<br>14-01-2026 | 173-क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे प्रदेश में कि पुल के निर्माण/मरम्मत निर्माण हेतु कोई कार्य-योजना है ? क्या सरकार जनपद फिरोजाबाद के विधान सभा क्षेत्र सिरसागंज में पटना-कर्खा-आलीपुर मार्ग पर झरना का पुल एवं फतेहपुर नसीरपुर, गढ़सान मार्ग पर ग्राम फतेहपुर-नसीरपुर का पुल का निर्माण कराने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण-6 |

------

| | | |
|---|---|---|
| इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई<br>14-01-2026 | 174-क्या ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में बिजली बिल के राजस्व संग्रह हेतु कुल कितनी महिलायें जनपदवार विद्युत सखी के रूप में कार्य कर रही हैं ? वित्तीय वर्ष 2024-25 में इन विद्युत सखियों द्वारा कुल कितनी विद्युत बिल धनराशि का संग्रह कराया गया है ? उक्त वर्ष में इस कार्य हेतु इन महिला सखियों को किस मानक के तहत कितनी धनराशि दी गयी ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा-2 |

------

| | | |
|---|---|---|
